दिन–शनिवार दिनांक– 23 / 03 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. बिहार में एनडीए सरकार के विश्वासमत के दौरान विधायकों की खरीद–फरोख्त के आरोपों की जांच प्रवर्तन निदेशालय करेगा।

02. एनडीए के प्रमुख घटक दल जदयू ने बिहार में लोकसभा की सोलह सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की। सीवान, सीतामढ़ी और किशनगंज लोकसभा क्षेत्रों से नये चेहरों को दिया मौका।

03. सीबीआई ने भ्रष्टाचार के मामले में सीतामढ़ी और पश्चिम चम्पारण से दो बैंक मैनेजर समेत तीन कर्मियों को गिरफ्तार किया।

04. और, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति आज इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम जारी करेगा।

———————————————————————

बिहार में विधायकों की खरीद–फरोख्त के आरोपों की जांच अब प्रवर्तन निदेशालय, ईडी करेगा। आर्थिक अपराध इकाई की जांच में धन शोधन का मामला सामने आने के बाद ईडी से जांच की अनुशंसा की गयी है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजद के दो नेताओं के खिलाफ भी अवैध धन उगाही के साक्ष्य मिले हैं। इस मामले में झारखंड और नेपाल के लोगों की भी संलिप्तता मिली हैं। गौरतलब है कि पिछले महीने राज्य में एनडीए सरकार के विश्वासमत के दौरान जदयू विधायक सुधांशु कुमार ने कई एनडीए विधायकों को मंत्री पद और दस–दस करोड़ रूपये का प्रलोभन देकर महागठबंधन के पाले में लाने का आरोप लगाते हुये पटना के कोतवाली थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले की गम्भीरता को देखते हुये राज्य सरकार ने इसकी जांच का जिम्मा आर्थिक अपराध इकाई को सौंपा था।

———————————————————————

एनडीए के प्रमुख घटक दल जदयू ने अपने खाते में आई बिहार में लोकसभा की सभी सोलह सीटों पर प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने सीवान, सीतामढ़ी और किशनगंज लोकसभा क्षेत्रों से नये चेहरों पर भरोसा जताया है। सीवान से कविता सिंह की जगह विजय लक्ष्मी को टिकट दिया गया है। वे जीरादेई के पूर्व विधायक रमेश सिंह कुशवाहा की पत्नी हैं। वहीं, सीतामढ़ी से सुनील कुमार पिन्टू की जगह विधान परिषद के सभापति देवेश चन्द्र ठाकुर को पार्टी ने अपना उम्मीदवार बनाया है। किशनगंज से मुजाहिद आलम पार्टी प्रत्याशी होंगे। इसके अलावा जहानाबाद

से चन्द्रेश्वर चंद्रवंशी, नालंदा से कौशलेन्द्र कुमार, मुंगेर से राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह, भागलपुर से अजय कुमार मंडल और बांका से गिरधारी यादव को उम्मीदवार बनाया गया है। गोपालगंज से डॉक्टर आलोक कुमार सुमन, झंझारपुर से रामप्रीत मंडल, कटिहार से दुलाल चन्द्र गोस्वामी, मधेपुरा से दिनेश चन्द्र यादव, पूर्णियां से संतोष कुशवाहा, सुपौल से दिलेश्वर कामैत और वाल्मीकिनगर से सुनील कुमार जदयू प्रत्याशी होंगे।

———————————————————————————

इधर, राष्ट्रीय जनता दल ने अपने पांच और उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने पाटलिपुत्रा से मीसा भारती, सारण से रोहिणी आचार्य, उजियारपुर से आलोक मेहता, बांका से जय प्रकाश यादव और मुंगेर से अशोक महतो की पत्नी अनिता महतो को अपना उम्मीदवार बनाया है। पटना में राजद प्रमुख लालू प्रसाद ने इन प्रत्याशियों को पार्टी का सिम्बल प्रदान किया। पार्टी ने इससे पहले लोकसभा चुनाव के लिए छह उम्मीदवारों के नाम घोषित किये थे। इनमें गया से कुमार सर्वजीत, नवादा से श्रवण कुशवाहा, जमुई से अर्चना रविदास, औरंगाबाद से अभय कुशवाहा, बक्सर से सुधाकर सिंह और जहानाबाद से सुरेन्द्र यादव शामिल हैं। इधर, सीपीआई ने भी बेगूसराय लोकसभा सीट से अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। पटना में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डी राजा ने बताया कि अवधेश कुमार राय बेगूसराय से पार्टी के उम्मीदवार होंगे। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने भी खगड़िया संसदीय क्षेत्र से संजय कुमार को अपना उम्मीदवार बनाया है।

———————————————————————————

आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में जमुई से राजद उम्मीदवार अर्चना रविदास पर सिकंदरा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। श्रीमती रविदास पर बिना अनुमति के भारी भीड़ जुटाने का आरोप है।

———————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए दो हजार एक सौ पर्यवेक्षकों की टीम तैनात की है। ये पर्यवेक्षक देशभर में जिला चुनाव अधिकारियों और रिटर्निंग अधिकारियों पर निगरानी रखेंगे।

———बाईट———

इन पर्यवेक्षक की प्राथमिकता चुनाव प्रक्रिया के दौरान जबरदस्ती प्रलोभन या धमकी की किसी भी घटना को रोकना है। यह सुरक्षा बलों की तैनाती की निगरानी करेंगे और उनकी रेंडमाइजेशन भी सुनिश्चित करेंगे। चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए उन्हें कर्मियों के साथ–साथ मशीनों के रेंडमाइजेशन की जिम्मेदारी भी सौंप गई है। इन पर्यवेक्षकों को निर्धारित संसदीय क्षेत्र में रहना होगा और इन्हें मतदान केंद्रों का लगातार भ्रमण करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे चुनाव के दौरान संभावित चुनौतियों या मुद्दों का आकलन और समाधान करने में मदद

मिलेगी। चुनावी प्रक्रिया को प्रभावी बनाने की दिशा में पर्यवेक्षक राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के साथ बैठक भी करेंगे। नई दिल्ली से आकाशवाणी समाचार के लिए दुर्गेश भदोरिया।

———————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति आज इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम जारी करेगा। समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर पटना में दोपहर डेढ़ बजे परिणाम जारी करेंगे। छात्र बिहार बोर्ड की वेबसाईट के अतिरिक्त मोबाईल से एसएमएस के जरिये भी रिजल्ट देख सकते हैं। इसके लिए छात्र अंग्रेजी में बिहार वन टू टाईप कर के अपने रोल नम्बर या रजिस्ट्रेशन नम्बर को पांच छह दो छह तीन पर भेज सकते हैं। इस बार इंटरमीडिएट की परीक्षा में तेरह लाख छात्र–छात्राएं शामिल हुये थे। पिछले एक सप्ताह से टॉपर छात्रों का पटना स्थित बोर्ड कार्यालय में साक्षात्कार लिया जा रहा था।

———————————————————————————

केन्द्रीय जांच ब्यूरो की भ्रष्टाचार निरोधक इकाई ने दो अलग–अलग मामलों में कार्रवाई करते हुये दो बैंक मैनेजर समेत तीन बैंक कर्मियों को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीतामढ़ी के करगिल चौक स्थित पंजाब नेशनल बैंक के सीनियर ब्रांच मैनेजर को पच्चीस हजार रूपये रिश्वत लेते हुये गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार प्रबंधक एक ग्राहक से सीसी एकाउंट में ओवर ड्राफ्ट की सुविधा देने के नाम पर रिश्वत ले रहा था। वहीं, पश्चिम चम्पारण के चनपटिया स्थित सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक अंशु सिन्हा को मुद्रा लोन के लिए रिश्वत मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। मौके से एक अन्य बैंक कर्मी की भी गिरफ्तारी हुई है।

———————————————————————————

कृतज्ञ राष्ट्र आज शहीद–ए–आजम भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को उनकी शहादत दिवस पर याद कर रहा है। इस अवसर पर देश और प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। राजधानी पटना में करगिल चौक पर भगत सिंह की प्रतिमा स्थल पर राजकीय समारोह आयोजित किया जायेगा। जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक समेत कई गणमान्य लोग भगत सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। साथ ही शोक सलामी और मौन भी रखा जायेगा।

———————————————————————————

इधर, महान स्वतंत्रता सेनानी और प्रखर समाजवादी चिंतक डॉक्टर राम मनोहर लोहिया की जयंती पर भी उन्हें देशभर में याद किया जा रहा है। इस अवसर पर पटना के लोहिया उद्यान में आयोजित राजकीय समारोह में जिलाधिकारी उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

———————————————————————————

पश्चिम विक्षोभ की सक्रियता कम होने के साथ ही प्रदेश में बारिश में कमी आयी है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान सुपौल, अररिया, औरंगाबाद और किशनगंज जिलों के एक–दो स्थानों पर मेघ गर्जन और वज्रपात की सम्भावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले दो दिन के दौरान राज्य के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है।

–––बाईट–––

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पूर्वी भागों के कई स्थानों पर हल्के से मध्यम स्तर की बारिश हुई है। इस अवधि में कटिहार के अमदाबाद में सबसे अधिक बयालीस मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी।

———————————————————————

प्रदेश की सभी निचली अदालतों में एक अप्रैल से काम–काज सुबह साढ़े सात बजे से शुरू होगा। पहली पाली पूर्वाह्न दस बजे तक और दूसरी पारी पूर्वाह्न दस बजकर तीस मिनट से अपराह्न एक बजे तक चलेगी। नई समय तालिका उनतीस जून तक प्रभावी रहेगी।

———————————————————————

पटना की एक अदालत ने बीपीएससी की शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के पेपर लीक मामले में जेल में बंद छियासी महिला अभ्यर्थियों को जमानत दे दी है। इन सभी पर आर्थिक अपराध इकाई ने सोलह मार्च को मामला दर्ज किया था। इधर, इस मामले के तीन मुख्य आरोपियों विशाल चौरसिया, अभिषेक और विक्की की अड़तालीस घंटे की रिमांड पूरी होने के बाद सभी को जेल भेज दिया गया है।

———————————————————————

भोजपुर जिले के पीरो थाना क्षेत्र अन्तर्गत लहरी तिवारी डीह गांव के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने दो मोटरसाईकिल पर सवार छह लोगों को रौंद दिया। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गयी जबकि दो अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गये। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस हादसे पर गहरा दुख जताते हुये घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। इधर, लखीसराय, पटना और बेगूसराय जिले में हुई अलग–अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गयी।

———————————————————————

पूर्णियां जिले के कसबा थाना क्षेत्र अन्तर्गत मिलन चौक के पास अपराधियों ने बैंक ग्राहक सेवा केन्द्र के तीन संचालकों से हथियार के बल पर ग्यारह लाख बयासी हजार रूपये की राशि लूट ली। पुलिस ने बताया कि पहले से घात लगाये अपराधियों

ने हथियार के बल पर घटना को अंजाम दिया। इधर, पश्चिम चम्पारण जिले के चनपटिया थाना क्षेत्र अन्तर्गत टिकुलिया–डुमरा पथ पर अपराधियों ने एक सीएसपी संचालक से पचास हजार रूपये लूट लिये।

———————————————————————————

एसटीएफ और सुपौल पुलिस की टीम ने एक लाख रूपये के ईनामी अपराधी अरशद रहमानी को बेगूसराय से गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से दो बंदूक, एक देसी पिस्तौल और कई अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किये गये हैं।

———————————————————————————

पटना के दानापुर में पुलिस ने अलग–अलग जगहों पर छापेमारी कर चार शराब तस्करों को भारी मात्रा में शराब के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं, रामकृष्णानगर थाना क्षेत्र स्थित एक पेट्रोल पंप के पास पुलिस ने एक ट्रक और पिकअप वैन से पैंतालीस कार्टन शराब जब्त की है। मौके से तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————————————

पटना की पॉक्सो अदालत ने अपनी सौतेली बेटी से दुष्कर्म के दोषी सूरज कुमार को बीस साल कठोर कारावास और दस हजार रूपये अर्थ दंड की सजा सुनाई है।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है– दूसरे दिन भी लालू ने बांटे सिम्बल। लालू की बेटी रोहिणी सारण से और मीसा पाटलिपुत्र से प्रत्याशी।

दैनिक भास्कर की बड़ी खबर है– सम्राट के बेतुके बोल। कहा– लालू ने किडनी के बदले बेटी को टिकट दिया।

हिन्दुस्तान की प्रमुख खबर है– केजरीवाल छह दिन की ईडी रिमांड पर। आप कार्यकर्ताओं का देशभर में प्रदर्शन।

दैनिक जागरण लिखता है–चेन्नई में आईपीएल के सत्रहवें सत्र की रंगारंग शुरूआत। पहले मैच में चेन्नई ने आरसीबी को हराया। आज अखबार की सुर्खी है– सुपौल में निर्माणाधीन पुल का गार्डर गिरा। एक की मौत कई घायल। एक अन्य खबर में अखबार लिखता है– पशुपति जायेंगे कांग्रेस की शरण में। अखिलेश करेंगे आलाकमान से बात। राष्ट्रीय सहारा ने लिखा है– बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने बेगूसराय को दुनिया का सर्वाधिक प्रदूषित शहर बताने पर जताया एतराज।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार......एक बार फिर

01. बिहार में एनडीए सरकार के विश्वासमत के दौरान विधायकों की खरीद–फरोख्त के आरोपों की जांच प्रवर्तन निदेशालय करेगा।

02. एनडीए के प्रमुख घटक दल जदयू ने बिहार में लोकसभा की सोलह सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की। सीवान, सीतामढ़ी और किशनगंज लोकसभा क्षेत्रों से नये चेहरों को दिया मौका।

03. सीबीआई ने भ्रष्टाचार के मामले में सीतामढ़ी और पश्चिम चम्पारण से दो बैंक मैनेजर समेत तीन कर्मियों को गिरफ्तार किया।

04. और, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति आज इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम जारी करेगा।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।